परिप्रेक्ष्य
वर्ष 4, अंक 1–2, अप्रैल–अगस्त 1997

# उच्च शिक्षा की इकाई लागत का आकलन

## पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय का अध्ययन

निरंकार श्रीवास्तव

किसी भी समाज में निरंतर सामाजिक–आर्थिक विकास लाने और उसे जारी रखने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त, सुप्रशिक्षित और सुयोग्य व्यक्तियों की निरंतर आपूर्ति अनिवार्य है। इसी कारण आम तौर पर कहा जाता है कि शिक्षा आधुनिक औद्योगिक अर्थव्यवस्था का प्रमुख पूंजीगत संसाधन है। किसी अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में किसी भी आर्थिक क्षेत्र की तरह शिक्षा का क्षेत्र भी हाई–टेक उपकरणों, अध्यापन की विधियों और भारी वेतन पाने वाली जनशक्ति का एक विशाल उपभोक्ता होता है। उसी के कारण उच्च शिक्षा की लागत भी बढ़ जाती है। मगर भारत जैसी एक विकासशील अर्थव्यवस्था में निवेश–योग्य संसाधन अकसर कम होते हैं। इसलिए उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग के द्वारा और उनकी बर्बादी कम करके दक्षता को यथासंभव बढ़ाना बहुत आवश्यक है। शिक्षा क्षेत्र और खासकर उच्च शिक्षा क्षेत्र का कार्यकलाप ऐसा होना चाहिए कि वह लागत–प्रभावी ढंग से बेहतर कोटि की और पहले से अधिक मात्रा में मानव–पूंजी पैदा कर सके।

इसीलिए शिक्षा की लागत का परिमाणीकरण उच्च शिक्षा क्षेत्र के कार्यकलाप के विश्लेषण में पहला कदम होता है। उच्च शिक्षा की लागत जानकर हम इसका जवाब भी दे सकते हैं कि वह कितनी खर्चीली है। इसके अलावा लागत के विश्लेषण का उपभोग करके हम कार्यकलाप की दक्षता बढ़ा सकते हैं। इससे उच्च शिक्षा के बेहतर प्रबंध और नियोजन में सहायता मिलती है।

बुनियादी तौर पर विश्वविद्यालय जैसी किसी उच्च शिक्षा संस्था को हम एक उत्पादक संगठन मान सकते हैं जो आगतों (इनपुट्स) अर्थात अवस्नातक छात्रों को निर्गतों (आउटपुट्स) अर्थात परास्नातक और शोध के उपाधिधारकों में बदलता है। इस प्रक्रिया में लगने वाले संसाधनों (आगतों) के मूल्य को ही हम शिक्षा की लागत कहते हैं। शिक्षा की कुल लागत को हम आगे शिक्षा की संस्थागत लागत, निजी लागत और सामाजिक लागत में बांट सकते हैं।

विश्वविद्यालयों को अगर हम अनेक और संयुक्त उत्पाद पैदा करने वाला संगठन मानें तो निर्गत की प्रत्येक श्रेणी विशेष की इकाई लागत संबंधित निर्गत की आगत–ग्रहण

की प्रकृति और तीव्रता का फलन होगी। पर अगर आगतों का उपयोग अनेक निर्गतों के लिए हुआ हो तो किसी निर्गत विशेष के उत्पादन में प्रयुक्त प्रत्येक आगत की गणना मुश्किल होती है।

ऊपर विवेचित प्रश्नों को ध्यान में रखकर हमने इस आलेख में पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय (नेहू) में उच्च शिक्षा की इकाई संस्थागत लागत मापने की एक पद्धति विकसित करने का प्रयास किया है। यह एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। यह पूर्वोत्तर भारत में स्थित है और मेघालय की राजधानी शिलांग इसका मुख्यालय है। नेहू के इतिहास में यह अपने ढंग का पहला प्रयास है जब इकाई लागत का आकलन किया गया है। हमने परास्नातक और शोध छात्रों पर लागत को वितरित करने की एक पद्धति विकसित की है। अध्यापकों, सहायक स्टाफ और अध्यापन सामग्रियों पर आने वाली लागत जहां इन दो प्रकार के छात्रों में बंट जाती है वहीं शोध संबंधी प्रशासनिक प्रयासों का खर्च विश्वविद्यालय उठाता है। यह अनुभवाश्रित अध्ययन 1991-92, 1992-93 और 1993-94 से संबंधित हालिया आंकड़ों पर आधारित है।

## पद्धति

विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा की इकाई लागत का माप इस तथ्य पर आधारित है कि विश्वविद्यालय अर्थव्यवस्था के काम आने वाली कुशल जनशक्ति उत्पन्न करता है। इस प्रकार वह अव–स्नातक छात्रों को परास्नातक और शोध के उपाधिधारक छात्रों में परिवर्तित करता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय अर्थव्यवस्था के लाभार्थ डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, अभिविन्यास और जागरूकता कार्यक्रम, शोध परियोजनाएं और बाह्यताएं जैसे कुछ और उत्पाद भी प्रस्तुत करता है। पर परास्नातक (एम ए/एम एस–सी/एम काम आदि) और शोध (एम फिल और पी–एच डी) कार्यक्रम किसी विश्वविद्यालय के प्रमुख अकादमिक कार्यकलाप होते हैं। इसलिए हमने इस अध्ययन में यह मान लिया है कि वह केवल इन्हीं दो प्रकार के उत्पाद प्रस्तुत करता है। छात्रों की इन दो श्रेणियों में ही लागत के वितरण का प्रयास हमने किया है।

(1) अध्यापकों (प्रोफेसरों, रीडरों और प्राध्यापकों) के काम के बोझ का आकलन (तालिका 1) पुनय्या समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। छात्रों की दोनों श्रेणियों (परा–स्नातक और शोधार्थी) के लिए अध्यापकों के पास प्रतिसप्ताह उपलब्ध घंटों की औसत संख्या को हम इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं।

$$THPG = (15\,P + 18\,R + 24\,L)$$

$$THR = (25\,P + 22\,R + 16\,L)$$

यहां P, R और L किसी विभाग के प्रोफेसरों, रीडरों और प्राध्यापकों की संख्याएं हैं। किसी विभाग में अध्यापकों की प्रतिघंटा कार्यकारी लागत (TC) इस प्रकार होगीः

$$TC = TS/(P + R + L)\,.\,\alpha_1\,.\,\beta_1$$

जहां TC = अध्यापकों का वार्षिक वेतन पत्र $\alpha_1$ = प्रतिवर्ष काम के सप्ताहों की कुल संख्या तथा $\beta_1$ प्रत्येक अध्यापक पर प्रतिसप्ताह काम का औसत बोझ है।

अध्यापकों की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_1 = (\alpha_1 . THPG / NPG) . TC$

$CR_1 = (\alpha_1 . THR / NR) . TC$

यहां NPG और NR किसी विभाग में परास्नातक और शोध दोनों की कुल संख्याएं है।

(2) गैर–अध्यापक स्टाफ की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी :

$CPG_2 = (\alpha_2 . NTS / NPG)$

$CR_2 = (\beta_2 . NTS / NR)$

यहां $\alpha_2$ और $\beta_2$ गैर–अध्यापकों के कुल वेतनपत्र के दोनों श्रेणी के छात्रों में वितरित भाग हैं तथा $\alpha_2 + \beta_2 = 1$ होता है।

(3) अध्यापक और शोध में प्रयुक्त सामग्रियों की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत यूं होगी:

$CPG_3 = (\alpha_3 . TRI / NPG\ TRI)$

$CR_3 = (\beta_3 . EDO / ND) / NR)$

यहां $\alpha_3$ और $\beta_3$ अध्यापन–शोध सामग्री के व्यय (TRI) के दोनों श्रेणी के छात्रों में वितरित भाग हैं तथा $\alpha_3 + \beta_3 = 1$ है।

(4) संस्थान के संकायाध्यक्ष कार्यालय की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत यूं होगी:

$CPG_4 = (\alpha_4 . EDO / ND) / NPG$

$CR_4 = (\beta_4 . EDO / ND) / NR$

यहां $\alpha_4$ और $\beta_4$ संकायाध्यक्ष कार्यालय पर हुए कुल व्यय के दोनों श्रेणी के छात्रों में वितरित भाग हैं तथा $\alpha_4 + \beta_4 = 1$ है।

(5) प्रकाशन, पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि की पूंजीगत लागतों को छोड़कर विश्वविद्यालय की पुस्तकालय सेवाओं, कंप्यूटर केंद्र के खर्च आदि सामान्य अकादमिक कार्यकलापों की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_5 = (\alpha_5 . GAS / NDU) / NPGU$

$CR_5 = (\beta_5 . GAS / NDU) / NRU$

यहां $\alpha_5 = NPGU / (NPGU + NRU)$ और $\beta_5 = NRU / (NPGU + NRU)$ है, GAS सामान्य अकादमिक कार्यकलापों पर कुल वार्षिक व्यय है, तथा NPGU और NRU किसी वर्ष विशेष में विश्वविद्यालय में क्रमशः परास्नातक और शोध छात्रों की कुल संख्याएं हैं।

(6) उपकरणों से जुड़ी कुछ विशेष वैज्ञानिक सेवाएं कुछ विशेष विभागों द्वारा ही इस्तेमाल की जाती हैं। इसलिए कुल लागत को केवल उपयोग करनेवाले विभागों के बीच ही वितरित किया जाएगा। ऐसी वैज्ञानिक अकादमिक सेवाओं की प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_5 = (\alpha_5 . SAS/NDUSER)/NPGU$

$CR_5 = (\beta_5 . SAS/NDUSER) / NRU$

यहां SAS वैज्ञानिक अकादमिक सेवाओं पर कुल वार्षिक व्यय तथा NDUSER उन सुविधाओं का उपयोग करने वाले विभागों की संख्या है।

(7) छात्र कल्याण की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_7 = (\alpha_5 . SW/NDEP) / NPGU$

$CR_7 = (\beta_5 . SW/NDEP) / NRU$

(8) सामान्य प्रशासन की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_8 = (\alpha_5 . GADMN / NDEP) / NPGU$

$CR_8 = (\beta_5 . GADMN/NDEP) / NRU$

यहां GADMN सामान्य प्रशासन पर होनेवाला कुल वार्षिक व्यय है।

(9) बिजली, पानी, टेलीफोन, विश्वविद्यालय की गाड़ियों के रखरखाव, सुरक्षा आदि आम सेवाओं की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत उस प्रकार होगी:

$CPG_9 = (\alpha_5 . EXPCS / NDEP) /NPGU$

$CPG_9 = (\beta_5 . EXPCS / NDEP) /NRU$

यहां EXPCS विश्वविद्यालय की आम सेवाओं पर प्रतिवर्ष आनेवाला कुल व्यय है।

(10) परीक्षाओं के आयोजन की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_{10} = (\alpha_5 . EXAM / NDEP) /NPGU$

$CR_{10} = (\beta_5 . EXAM / NDEP) /NRU$

यहां EXAM विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आयोजन का कुल वार्षिक व्यय है।

(11) परिसर विकास की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत इस प्रकार होगी:

$CPG_{11} = [(\alpha_5 . CAMPUS / NDEP) /NPGU] . Z$

$CR_{11} = [(\beta_5 . CAMPUS / NDEP) /NPGU] . Z$

यहां CAMPUS परिसर विकास संबंधी कुल वार्षिक व्यय है और Z वह राशि है जिससे पिछले निवेश को गुणा करना होगा।

(12) पुस्तकालय की पत्र–पत्रिकाओं, पुस्तकों, उपकरणों आदि की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत यूं होगी:

$CPG_{12} = [(\alpha_5 . EXLIB / NDEP) /NPGU] . Y$

$CR_{12} = [(\beta_5 . EXLIB / NDEP) /NPGU] . Y$

यहां EXLIB पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं और उपकरणों आदि पर कुल वार्षिक व्यय है और Y वह राशि है जिससे वार्षिक व्यय में भाग देना होगा क्योंकि यह पूंजीगत व्यय है।

(13) प्रयोगशालाओं के उपकरणों, USIC की मद में प्रतिछात्र इकाई लागत यूं होगी:

$$CPG_{13} = [(\alpha_5 . EXQIP / NDEPUSER) /NPGU] . Y$$

$$CR_{13} = [(\beta_5 . EXQIP / NDEPUSER) /NPGU] . Y$$

यहां EXQIP प्रयोगशाला के उपकरणों, USIC पर कुल वार्षिक व्यय है तथा Y वह राशि है जिससे वार्षिक व्यय में भाग देना होगा क्योंकि यह पूंजीगत व्यय है। NDEPUSER विश्वविद्यालय के उन विभागों की कुल संख्या है जो वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं।

## अनुभवाश्रित परिणाम

तालिका 4 और 5 नेहू के वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के वार्षिक खातों पर आधारित हैं। अवरोही क्रम में अकादमिक व्यय, सामान्य प्रशासन और परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर पर व्यय की प्रमुख मदें (तालिका 8) हैं। अध्यापक छात्र अनुपात सबसे अधिक अंग्रेजी विभाग (15.63) में है और उसके बाद पुस्तकालय विज्ञान (12.89) और समाज शास्त्र (12.8) की बारी आती है। सबसे कम अध्यापक–छात्र अनुपात भौतिकी विभाग (3.44) में तथा उससे अधिक गणित (3.48) और रसायन शास्त्र (5.24) में है। शिक्षा की इकाई लागत की गणना में हमने विभाग को इकाई माना है। कारण कि हर विभाग का उत्पादन एक भिन्न प्रकार का है। इसके अलावा इस प्रकार गणना करें तो विभाग के स्तर पर विश्वविद्यालय की दक्षता के विश्लेषण में सहायता मिलेगी। इसलिए ऊपर वर्णित पद्धति से हमने गणना करके उसे तालिका 12 (अ से द) और तालिका 13 (अ से द) में प्रस्तुत किया है। तालिका 12 और 13 में अ ब स वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के लिए क्रमशः परास्नातक और शोध स्तर पर विभिन्न आगतों की मद में वार्षिक (प्रतिछात्र इकाई) लागत (रु) को दिखाती हैं। तालिका 12 द और 13 द में इन तीन वर्षों की औसत इकाई लागत दर्शाई गई है।

कला, पुस्तकालय विज्ञान, भाषाओं, भूगोल, शिक्षाशास्त्र और समाज विज्ञानों में परास्नातक उपाधि के लिए शिक्षा की प्रतिछात्र (वार्षिक) इकाई लागत (PUC) औसतन 21,000 से 64,000 रुपये तक है, जबकि दूसरी तरफ भौतिक और जीवन विज्ञान के लिए यही 30,000 से 1,68,000 रुपये तक है। शोध की उपाधि के लिए यही प्रतिछात्र वार्षिक लागत (औसतन) 30,000 से 1,79,000 रुपये (तालिका 14 द) तक है। आमतौर पर यह लागत समाज विज्ञान और कला के विभागों में कम तथा भौतिक विज्ञान के विभागों में ज्यादा है। इसका कारण इस तथ्य को ठहराया जा सकता है कि विज्ञान के विभागों में सहायक सामग्रियों पर अपेक्षाकृत अधिक और सीटों पर कम खर्च आता है।

शोध की उपाधियों की इकाई लागत 30 हजार से 1.79 लाख रुपये तक है। मगर भौतिकी, गणित, मानवशास्त्र, पुस्तकालय व सूचना आदि विषयों में शोध पर अधिक लागत आती है। कारण कि इनमें शोध छात्रों की संख्या कम होती है। अनुसंधान की लागत सबसे कम अर्थशास्त्र और उससे अधिक अंग्रेजी विभाग (तालिका 14 द) में आती है।

परास्नातक स्तर पर इकाई लागत का घटकवार विश्लेषण तालिका 15 (अ से द) में दर्शाया गया है। अकादमिक, प्रशासनिक और पूंजीगत लागतें कुल इकाई लागत के प्रमुख घटक हैं। परास्नातक स्तर पर कुल इकाई लागत में औसतन 56 प्रतिशत भाग अकादमिक, 56 प्रतिशत भाग प्रशासनिक और शेष भाग पूंजीगत लागतों का होता है। विज्ञान के विभागों में अकादमिक लागतों का भाग औसत से अधिक और समाजविज्ञान के विभागों में औसत से कम है। अकादमिक लागत सबसे अधिक रसायन शास्त्र विभाग (53 प्रतिशत) में और सबसे कम पुस्तकालय विज्ञान में है। प्रशासनिक लागत का भाग पुस्तकालय विज्ञान में सबसे अधिक (77 प्रतिशत) है। सबसे अधिक पूंजीगत लागत जैव–रसायन विभाग (22 प्रतिशत) में आती है।

शोध छात्रों के लिए शिक्षा की इकाई लागत भी मुख्यतः अकादमिक और प्रशासनिक लागतों में बंट जाती है। शिक्षा (शोध) की कुल लागत में 53 प्रतिशत भाग अकादमिक और 43 प्रतिशत प्रशासनिक लागतों का होता है। अकादमिक लागत का भाग सबसे अधिक रसायनशास्त्र (69 प्रतिशत) तथा उससे कम वनस्पतिविज्ञान और भौतिकी में है, जबकि सबसे कम भाग खासी (37 प्रतिशत) और उससे अधिक दर्शनशास्त्र (43 प्रतिशत) में है। सबसे अधिक प्रशासनिक लागत (60 प्रतिशत) खासी में तथा सबसे अधिक पूंजीगत लागत (11 प्रतिशत) गणित में आती है। गणित विभाग भौतिक विज्ञान संस्थान के दूसरे विज्ञानों से मिला है, इसका कारण यह है कि इस विभाग में प्रयोगशालाओं पर व्यय ज्यादातर होता ही नहीं। दूसरी तरफ जैव–रसायन विभाग के भाग के कम होने का प्रमुख कारण यह है कि कुल लागत में पूंजीगत लागत का भाग खासा बड़ा (17 प्रतिशत) है।

प्रस्तुत अध्ययन में नेहू में इकाई लागत की तुलना कुछ अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों अर्थात हैदराबाद विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की इकाई लागतों से की गई है। (संस्थानवार) तुलनात्मक विश्लेषण तालिका 16 में दर्शाया गया है। तुलना के लिए जरूरी है कि इकाई लागत की परिभाषित करने वाले सूचकांक साझे हों। बाकी तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों में इकाई लागत की गणना में केवल तीन घटकों को शामिल किया गया है। ये हैं– अध्यापकों के वेतन, गैर–अध्यापकों के वेतन, तथा अध्यापन सामग्रियों संबंधी व्यय। इसलिए नेहू में भी इकाई लागत की गणना के लिए हमने इन्हीं तीन घटकों को शामिल किया है। पता चला कि समाज विज्ञान और भाषा के विभागों में इकाई लागतें तीन दूसरे केंद्रीय विश्वविद्यालयों के आसपास ही हैं जबकि विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के विभागों में ये लागतें तीन दूसरे विश्वविद्यालयों की तुलना में नेहू में काफी अधिक हैं।

आम निष्कर्ष यह है कि नेहू में इकाई लागत कुछ अधिक हैं। बड़े पैमाने की किफायत का यथासंभव व्यवहार करके, स्थिर लागत को बढ़ाए बिना तथा परिवर्तनशील लागत को थोड़ा सा बढ़ाकर अधिक उत्पादन करके इस इकाई लागत को घटाया जा सकता है। नेहू में इकाई लागत के अधिक होने के अन्य संभावित कारणों का पता लगाना भी जरूरी है। इसलिए एक ओर इस लागत को घटाने के कुछ उपाय सुझाने तथा दूसरी ओर दक्षता व शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और नेहू का कार्यकलाप बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

**तालिका 1**

## अध्यापकों के काम के बोझ

| कार्यकलाप | प्रतिसप्ताह घंटों की औसत संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | प्रोफेसर | रीडर | प्राध्यापक |
| 1. अध्यापन | 6 | 8 | 10 |
| 2. अध्यापन की तैयारी | 6 | 8 | 10 |
| 3. ट्यूटोरियल | 1 | 2 | 4 |
| 4. टेस्ट/परीक्षा | 1 | 1 | 1 |
| 5. शोध/मार्गदर्शन | 14 | 14 | 10 |
| 6. अपना अध्ययन/प्रशासन | 12 | 7 | 5 |
| योग | 40 | 40 | 40 |

**तालिका 2**

## अध्यापकों के काम के बोझ का संक्षेप

| कार्यकलाप | प्रतिसप्ताह घंटों की औसत संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | प्रोफेसर | रीडर | प्राध्यापक |
| 1. कक्षा में अध्यापन/व्यावहारिक कार्य/ट्यूटोरियल/तैयारी के काम/टेस्ट और परीक्षाएं | 14 | 19 | 25 |
| 2. शोध और मार्गदर्शन | 14 | 14 | 10 |
| 3. अपना अध्ययन/प्रशासन | 12 | 7 | 5 |
| योग | 40 | 40 | 40 |

**तालिका 3**

## छात्रों की श्रेणियों के अनुसार अध्यापकों के काम के बोझ

| कार्यकलाप | छात्रों की श्रेणी | प्रतिसप्ताह घंटों की औसत संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रोफेसर | रीडर | प्राध्यापक |
| 1. कक्षा में अध्यापन, व्यावहारिक कार्य, ट्यूटोरियल, टेस्ट और परीक्षाएं तथा तैयारी के काम | एम ए/एम एस सी/एम काम | 9.0 | 14.0 | 21.0 |
| | एम फिल/पी एच डी आदि | 5.0 | 5.0 | 4.0 |
| | योग | 14.0 | 19.0 | 25.0 |
| 2. शोध और, मार्गदर्शन, | एम ए/एम एस सी/एम काम | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| | एम फिल/पी एच डी आदि | 14.0 | 14.0 | 14.0 |
| | योग | 14.0 | 14.0 | 14.0 |
| 3. अपना अध्ययन/प्रशासन कार्य | एम ए/एम एस सी/एम काम | 6.0 | 4.0 | 3.0 |
| | एम फिल/पी एच डी आदि | 6.0 | 3.0 | 2.0 |
| | योग | 12.0 | 7.0 | 5.0 |
| योग छात्रों की, श्रेणियों के अनुसार | एम ए/एम एस सी/एम काम | 15.0 | 18.0 | 24.0 |
| | एम फिल/पी एच डी आदि | 25.0 | 22.0 | 16.0 |
| | योग | 40.0 | 40.0 | 40.0 |

तालिका 4

## नेहू में (योजना और गैर-योजना) व्यय की मदे (रुपयों में)

| व्यय की मदें | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 |
|---|---|---|---|
| योग | 119910097 | 11655626 | 147328005 |
| शिलांग से बाहर के परिसरों पर | 31889973 | 35236616 | 33806050 |
| | (26.56%) | (30.23%) | (22.95%) |
| शिलांग (मुख्यालय) | 83060124 | 81319010 | 113521955 |
| | (73.44%) | (69.77%) | (77.05%) |
| महाविद्यालय परिषद | 401440 | 296204 | 291958 |
| केंद्र (कंप्यूटर केंद्र और पुस्तकालय विज्ञान विभाग को छोड़कर | 260157 | 3054692 | 1810714 |
| शिलांग (महाविद्यालय परिषद और केंद्रों को छोड़कर) | 85021527 | 77968114 | 111419283 |

तालिका 5

## विश्वविद्यालय स्तर पर (मुख्यालय में) सामान्य और अकादमिक व्यय

| व्यय की मदें | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 |
|---|---|---|---|
| 1. अकादमिक कार्यक्रम पुस्तकालय विज्ञान और संकायाध्यक्ष कार्यालय समेत | 21480145 | 23882388 | 26779801 |
| 2. अन्य अकादमिक कार्यक्रम (कंप्यूटर केंद्र पु. वि. को छोड़कर) | 2637157 | 3054692 | 4180979 |
| 3. सामान्य अकादमिक सेवाएं | 4936218 | 4762478 | 5229550 |
| 4. वैज्ञानिक अकादमिक सेवाएं | 772798 | 821772 | 1083547 |
| 5. छात्र कल्याण | 2864433 | 2742274 | 2880723 |
| 6. सामान्य प्रशासन | 13210379 | 12561205 | 13945577 |
| 7. आम सेवाएं, स्वास्थ्य, सुरक्षा | 19288124 | 22209030 | 26334601 |
| 8. परीक्षाएं | 6924806 | 7793146 | 11872446 |
| 9. परिसर विकास | 3253825 | 3196621 | 3595800 |
| 10. पुस्तकालय पत्र–पत्रिकाएं, पुस्तकें और उपकरण | 6999131 | 6120121 | 8724443 |
| 11. प्रयोगशालाओं के उपकरण और यू.एस.आई.सी | 231170 | 568104 | 1466609 |

तालिका 6

## विश्वविद्यालय स्तर पर सामान्य और अकादमिक व्यय में मुख्यालय स्थित विभागों के भाग

| व्यय की मदें | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 |
|---|---|---|---|
| 1. अकादमिक कार्यक्रम (100) (पु वि और संकायाध्यक्ष कार्यालय समेत) | 21480145 | 23882388 | 26779801 |
| 2. अन्य अकादमिक कार्यक्रम (100) (कंप्यूटर केंद्र पु. वि. को छोड़कर) | 2637157 | 2654692 | 4180979 |
| 3. सामान्य अकादमिक सेवाएं (90) | 4442596 | 4286230 | 4706595 |
| 4. वैज्ञानिक अकादमिक सेवाएं (90) | 695518 | 739595 | 975192 |
| 5. छात्र कल्याण (90) | 2577990 | 2468047 | 2592651 |
| 6. सामान्य प्रशासनं (65) | 8586746 | 8164783 | 9064625 |
| 7. आम सेवाएं, स्वास्थ्य, सुरक्षा (80) | 15430499 | 17767224 | 21067681 |
| 8. परीक्षाए (20) | 1384961 | 1558629 | 2374489 |
| 9. परिसर विकास (25) | 2928443 | 2876959 | 3236220 |
| 10. पुस्तकालय पत्र–पत्रिकाएं, पुस्तके और उपकरण (50) | 6299218 | 5508109 | 7851999 |
| 11. प्रयोगशालाओं के उपकरण और यू.एस.आई.सी. (50) | 208053 | 511294 | 1319948 |

तालिका 7

## विभिन्न संस्थानों के संकाय कार्यालय के व्यय, शिलांग

| अध्ययन का संस्थान | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 |
|---|---|---|---|
| समाज विज्ञान | 141863 | 143210 | 145349 |
| भौतिक विज्ञान | 127390 | 184905 | 210957 |
| भाषा संस्थान | 86808 | 73461 | 68567 |
| जैव विज्ञान | 32211 | 51691 | 38065 |
| पर्यावरण विज्ञान | 95808 | 106578 | 107412 |
| शिक्षा शास्त्र | 121638 | 135993 | 149935 |
| पुस्तकालय व सूचना विज्ञान | 0 | 0 | 0 |

तालिका 8

## शिलांग परिसर स्थित विभिन्न विभागों में अध्यापकों की संख्या

| | 1991-92 | | | 1992-93 | | | 1993-94 | | | 1991-94 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विभाग | प्रो | री | प्रा | प्रो | री | प्रा | प्रो | री | प्रा | छात्र–अध्यापक अनुपात |
| मानव शास्त्र | 0 | 3 | 2 | 0 | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 8.76 |
| अर्थ शास्त्र | 4 | 3 | 3 | 4 | 3 | 3 | 3 | 4 | 3 | 11.77 |
| दर्शन शास्त्र | 4 | 3 | 2 | 4 | 3 | 2 | 3 | 3 | 2 | 8.19 |
| राजनीति विज्ञान | 4 | 3 | 4 | 1 | 3 | 4 | 2 | 3 | 5 | 9.72 |
| इतिहास | 5 | 3 | 3 | 5 | 2 | 3 | 4 | 3 | 3 | 11.96 |

क्रमशः

| | 1991-92 | | | 1992-93 | | | 1993-94 | | | 1991-94 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विभाग | प्रो | री | प्रा | प्रो | री | प्रा | प्रो | री | प्रा | छात्र–अध्यापक अनुपात |
| समाज शास्त्र | 1 | 4 | 2 | 1 | 3 | 2 | 1 | 4 | 2 | 12.80 |
| गणित | 3 | 3 | 1 | 3 | 3 | 2 | 3 | 3 | 4 | 2.48 |
| भौतिकी | 6 | 5 | 2 | 6 | 5 | 2 | 6 | 6 | 1 | 3.44 |
| रसायन | 7 | 5 | 2 | 7 | 5 | 3 | 7 | 5 | 5 | 5.24 |
| अंग्रेजी | 4 | 0 | 3 | 3 | 1 | 3 | 3 | 4 | 3 | 15.63 |
| खासी | 0 | 1 | 4 | 1 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 12.20 |
| जंतुविज्ञान | 4 | 3 | 3 | 4 | 3 | 3 | 4 | 3 | 4 | 6.06 |
| वनस्पतिविज्ञान | 4 | 4 | 5 | 4 | 4 | 5 | 4 | 6 | 3 | 5.41 |
| जैव–रसायन | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 | 1 | 1 | 3 | 1 | 6.53 |
| भूगोल | 3 | 3 | 5 | 3 | 3 | 5 | 3 | 5 | 2 | 8.69 |
| शिक्षा शास्त्र | 4 | 3 | 1 | 5 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 5.76 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 1 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 12.89 |

**टिप्पणी** : छात्र–अध्यापक अनुपात = माध्य (परास्नातक + शोध) छात्र–अध्यापक अनुपात

**संकेत** : प्रो = प्रोफेसर, री = रीडर, प्रा = प्राध्यापक

**तालिका 9**

## अध्यापकों, सहायक स्टाफ के वेतनों और सहायक सामग्रीयों (अन्य मदों) पर शिलांग परिसर के विभिन्न विभागों में होनेवाला व्यय

| | 1991-92 | | | 1992-93 | | | 1993-94 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विभाग | अ वे | गै वे | स सा | अ वे | गै वे | स सा | अ वे | गै वे | स सा |
| मानव शास्त्र | 410390 | 111424 | 28900 | 454972 | 138213 | 5515 | 537073 | 168442 | 20277 |
| अर्थ शास्त्र | 846016 | 77672 | 10496 | 973960 | 105459 | 21802 | 1271825 | 112093 | 4175 |
| दर्शन शास्त्र | 760154 | 92082 | 1530 | 927032 | 90426 | 1672 | 174427 | 103707 | 0 |
| राजनीति विज्ञान | 746438 | 94908 | 2904 | 825115 | 90241 | 993 | 1001760 | 100090 | 2364 |
| इतिहास | 919463 | 81365 | 2830 | 969736 | 84158 | 891 | 1189713 | 93494 | 1824 |
| समाज शास्त्र | 665716 | 89611 | 3337 | 671662 | 91356 | 971 | 793238 | 103386 | 1712 |
| गणित | 589421 | 214201 | 92465 | 820064 | 263390 | 16929 | 1074120 | 255322 | 106487 |
| भौतिकी | 1152565 | 449197 | 352656 | 1297173 | 554925 | 315379 | 1407014 | 549392 | 296312 |
| रसायन | 1401559 | 510821 | 843917 | 1596421 | 660157 | 769442 | 1878066 | 750488 | 841537 |
| अंग्रेजी | 602791 | 92691 | 276 | 713491 | 97201 | 1219 | 1009053 | 100565 | 500 |
| खासी | 395450 | 122864 | 773 | 409538 | 123597 | 968 | 579894 | 133829 | 1201 |
| जंतुविज्ञान | 783407 | 647174 | 552645 | 1067928 | 691338 | 673725 | 1193272 | 645389 | 511941 |
| वनस्पतिविज्ञान | 1071074 | 721452 | 552549 | 1242007 | 912740 | 621221 | 1393634 | 982331 | 546285 |
| जैव–रसायन | 463142 | 414310 | 969561 | 550440 | 475747 | 338739 | 529851 | 481834 | 797001 |
| भूगोल | 977563 | 451013 | 250153 | 1078875 | 462761 | 261855 | 1127322 | 520541 | 246293 |
| शिक्षा शास्त्र | 682010 | 172981 | 0 | 885748 | 165119 | 1102 | 1142142 | 190810 | 2269 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 197409 | 0 | 4245 | 288497 | 0 | 2729 | 341027 | 0 | 24996 |

**टिप्पणी**: अ वे = अध्यापकों के वेतन, गै वे = गैर–अध्यापकों के वेतन,
स सा = सहायक सामग्रियों पर व्यय

तालिका 10

## शिलांग परिसर के विभिन्न विभागों में छात्रों की संख्या

| विभाग | 1991-92 | | | 1992-93 | | | 1993-94 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | परा-स्नातक | एम-फिल | पी. एचडी | परा-स्नातक | एम-फिल | पी. एचडी | परा-स्नातक | एम-फिल | पी. एचडी |
| मानव शास्त्र | 40 | 4 | 0 | 34 | 12 | 13 | 34 | 1 | 11 |
| अर्थ शास्त्र | 81 | 41 | 13 | 24 | 37 | 17 | 77 | 18 | 11 |
| दर्शन शास्त्र | 42 | 8 | 13 | 98 | 2 | 8 | 70 | 9 | 8 |
| राजनीति विज्ञान | 51 | 24 | 5 | 29 | 18 | 18 | 74 | 4 | 16 |
| इतिहास | 93 | 40 | 8 | 28 | 40 | 9 | 89 | 7 | 11 |
| समाज शास्त्र | 59 | 11 | 22 | 13 | 10 | 21 | 60 | 8 | 22 |
| गणित | 23 | 4 | 6 | 22 | 2 | 2 | 25 | 2 | 1 |
| भौतिकी | 28 | 2 | 11 | 31 | 2 | 11 | 30 | 1 | 18 |
| रसायन | 36 | 0 | 40 | 45 | 0 | 40 | 41 | 0 | 39 |
| अंग्रेजी | 97 | 28 | 14 | 89 | 36 | 12 | 79 | 8 | 12 |
| खासी | 36 | 21 | 8 | 44 | 26 | 1 | 48 | 1 | 1 |
| जंतुविज्ञान | 40 | 6 | 12 | 38 | 9 | 12 | 40 | 9 | 17 |
| वनस्पतिविज्ञान | 39 | 10 | 26 | 40 | 10 | 26 | 38 | 6 | 16 |
| जैव–रसायन | 20 | 2 | 3 | 18 | 12 | 13 | 18 | 11 | 1 |
| भूगोल | 59 | 28 | 18 | 70 | 14 | 15 | 55 | 11 | 8 |
| शिक्षाशास्त्र | 27 | 4 | 10 | 32 | 5 | 11 | 39 | 5 | 11 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 40 | 0 | 4 | 32 | 0 | 5 | 30 | 0 | 5 |

**संकेत :** परास्नातक = एम ए, एम–एस सी आदि; एम फिल = एम फिल और प्री–पी–एच डी

तालिका 11

## संस्थानों के विभिन्न विभागों में सदस्यता

| विभाग/संस्थान | स वि | भौ वि | भाषा | जै वि | म वि | शिक्षा शास्त्र | पु वि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मानवशास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अर्थशास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| दर्शनशास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| राजनीति विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इतिहास | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| समाज शास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गणित | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| भौतिकी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| रसायन | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| खासी | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| जंतुविज्ञान | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| वनस्पतिविज्ञान | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| जैव–रसायन | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| भूगोल | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शिक्षाशास्त्र | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

**टिप्पणी :** अगर विभाग $i$ संस्थान $j$ में आता है तो $M_{ij} = 1$ वर्ना $M_{ij} = 0$

**संकेत :** स वि = समाज विज्ञान, भौ वि = भौतिक विज्ञान, जै वि = जैव विज्ञान,
प वि = पर्यावरण विज्ञान, पु वि = पुस्तकालय विज्ञान

तालिका 12 (अ)

## वार्षिक इकाई लागत (रू प्रतिछात्र) में विभिन्न आगतों के भाग (परास्नातक): वर्ष 1991-92

| विभाग | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अकादमिक लागत | | | | | | | छात्र कल्याण | प्रशासन और सामान्य सेवा | | | | | | कुल लागत | विभागीय | महायोग |
| मानव शास्त्र | 5232 | 1950 | 361 | 0 | 296 | 4336 | 0 | 2516 | 8380 | 15060 | 1352 | 794 | 910 | 0 | 41187 | 1647489 | 1647489 |
| अर्थ शास्त्र | 4857 | 671 | 65 | 0 | 146 | 2141 | 0 | 1243 | 4139 | 7437 | 668 | 392 | 143 | 0 | 21901 | 1773948 | 3421437 |
| दर्शन शास्त्र | 8145 | 1525 | 18 | 0 | 281 | 4129 | 0 | 2396 | 7981 | 14343 | 1287 | 756 | 582 | 0 | 41455 | 1741091 | 5162527 |
| राजनीति विज्ञान | 6985 | 1303 | 28 | 0 | 232 | 3401 | 0 | 1973 | 6573 | 11812 | 1060 | 623 | 411 | 0 | 34401 | 1754448 | 6916975 |
| इतिहास | 4516 | 612 | 15 | 0 | 127 | 1865 | 0 | 1082 | 3605 | 6477 | 581 | 341 | 106 | 0 | 19329 | 1797622 | 8714597 |
| समाज शास्त्र | 5440 | 1063 | 29 | 0 | 200 | 2940 | 0 | 1706 | 5682 | 10210 | 916 | 538 | 292 | 0 | 29016 | 1711929 | 10426530 |
| गणित | 11258 | 6519 | 2010 | 0 | 923 | 7541 | 0 | 4376 | 14575 | 26191 | 2351 | 1381 | 5841 | 0 | 82965 | 1908196 | 12334720 |
| भौतिकी | 18048 | 11230 | 6297 | 0 | 758 | 6194 | 3297 | 3594 | 11972 | 21514 | 1931 | 1134 | 9860 | 548 | 96379 | 2698697 | 15033340 |
| रसायन | 16874 | 9933 | 11721 | 0 | 590 | 4818 | 2564 | 2796 | 9312 | 16733 | 1502 | 882 | 9475 | 426 | 87645 | 3155202 | 18189540 |
| अंग्रेजी | 2930 | 669 | 1 | 0 | 224 | 1783 | 0 | 1038 | 3456 | 6210 | 557 | 327 | 109 | 0 | 17309 | 1678972 | 17867510 |
| खासी | 6261 | 2389 | 11 | 0 | 603 | 4818 | 0 | 2796 | 7312 | 16733 | 1502 | 882 | 1050 | 0 | 46356 | 1668816 | 21536330 |
| जंतुविज्ञान | 9107 | 11326 | 6908 | 0 | 134 | 4336 | 2308 | 2516 | 8380 | 15060 | 1352 | 794 | 7180 | 384 | 69785 | 2791385 | 24327720 |
| वनस्पतिविज्ञान | 13309 | 12949 | 7004 | 0 | 138 | 4447 | 2367 | 2581 | 8575 | 15446 | 1386 | 814 | 8091 | 393 | 77601 | 3026451 | 2734170 |
| जैव–रसायन | 11463 | 14501 | 24239 | 0 | 268 | 8672 | 4616 | 5032 | 16761 | 30120 | 2703 | 1588 | 30511 | 757 | 151241 | 3024820 | 30378990 |
| भूगोल | 8247 | 5351 | 2120 | 0 | 812 | 2940 | 0 | 1706 | 5682 | 10210 | 916 | 538 | 1995 | 0 | 40516 | 2390446 | 32769430 |
| शिक्षा शास्त्र | 10893 | 4485 | 0 | 0 | 2253 | 6424 | 0 | 3728 | 12416 | 22311 | 2003 | 1176 | 2616 | 0 | 68303 | 1844180 | 34613610 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 2591 | 0 | 53 | 0 | 0 | 4336 | 0 | 2516 | 8380 | 15060 | 1352 | 794 | 21 | 0 | 35103 | 1404114 | 36017730 |

**संकेत** : 1. अध्यापक 2. अन्य अध्यापक 3. सहायक सामग्री 4. गैर अध्यापक स्टाफ
5. संकाय कार्यालय 6. सामान्य अकादामिक कार्यकलाप 7. विशेष वैज्ञानिक सेवाएं 8. छात्र कल्याण
9. सामान्य प्रशासन 10. आम सेवाएं 11. परीक्षा 12. परीसर विकास
13. पत्र-पत्रिकाएं आदि 14. अन्य 15. योग 16. विभागीय लागत
17. महायोग

तालिका 12 (ब)

## वार्षिक इकाई लागत (रू प्रतिछात्र) में विभिन्न आगतों के भाग (परास्नातक), वर्ष 1992-93

| विभाग | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अकादमिक लागत | | | | | | छात्र कल्याण | | प्रशासन और सामान्य सेवा | | | | | | कुल लागत | विभागीय | महायोग |
| मानव शास्त्र | 6825 | 2846 | 81 | 0 | 351 | 4711 | 0 | 2712 | 8973 | 19527 | 1713 | 878 | 1198 | 0 | 49814 | 1693688 | 1693688 |
| अर्थ शास्त्र | 6120 | 998 | 147 | 0 | 161 | 2164 | 0 | 1246 | 4123 | 8972 | 787 | 404 | 215 | 0 | 25337 | 1874970 | 3568658 |
| दर्शन शास्त्र | 7871 | 1194 | 16 | 0 | 225 | 3022 | 0 | 1740 | 5756 | 12527 | 1099 | 563 | 318 | 0 | 34331 | 1819561 | 5388219 |
| राजनीति विज्ञान | 5385 | 800 | 6 | 0 | 151 | 2027 | 0 | 1167 | 3862 | 8404 | 737 | 378 | 142 | 0 | 23060 | 1821754 | 7209974 |
| इतिहास | 5688 | 755 | 6 | 0 | 153 | 2053 | 0 | 1182 | 3911 | 8512 | 747 | 383 | 136 | 0 | 23526 | 1835025 | 9044998 |
| समाज शास्त्र | 7615 | 1487 | 11 | 0 | 278 | 3725 | 0 | 2145 | 7095 | 15440 | 1354 | 694 | 485 | 0 | 40329 | 1734145 | 10779140 |
| गणित | 17123 | 8381 | 385 | 0 | 1401 | 7280 | 0 | 4192 | 13868 | 30178 | 2647 | 1357 | 5543 | 0 | 92355 | 2031818 | 12810960 |
| भौतिकी | 18347 | 12531 | 5087 | 0 | 994 | 5167 | 3031 | 2975 | 9842 | 21416 | 1879 | 963 | 7907 | 1164 | 91302 | 2830371 | 15641330 |
| रसायन | 15787 | 10269 | 8549 | 0 | 685 | 3559 | 2088 | 2049 | 6780 | 14754 | 1294 | 664 | 5818 | 802 | 73098 | 3289423 | 18930750 |
| अंग्रेजी | 3865 | 765 | 7 | 0 | 206 | 1800 | 0 | 1036 | 3428 | 7460 | 654 | 336 | 121 | 0 | 19677 | 1751245 | 20682000 |
| खासी | 4887 | 1966 | 11 | 0 | 417 | 3640 | 0 | 2096 | 6934 | 15089 | 1324 | 679 | 625 | 0 | 37668 | 1657378 | 22339380 |
| जंतुविज्ञान | 13068 | 12735 | 8865 | 0 | 227 | 4215 | 2473 | 2427 | 8029 | 17471 | 1533 | 786 | 7908 | 950 | 80686 | 3066068 | 25405450 |
| वनस्पतिविज्ञान | 15047 | 15973 | 7765 | 0 | 215 | 4004 | 2349 | 2306 | 7627 | 16598 | 1456 | 747 | 8257 | 902 | 83246 | 3329856 | 28735300 |
| जैव–रसायन | 14220 | 18501 | 9409 | 0 | 479 | 8898 | 5220 | 5124 | 16950 | 36884 | 3336 | 1659 | 21574 | 2005 | 144157 | 2594831 | 31330130 |
| भूगोल | 7671 | 4628 | 1870 | 0 | 761 | 2288 | 0 | 1317 | 4358 | 9484 | 832 | 427 | 1292 | 0 | 34929 | 2445035 | 33775170 |
| शिक्षा शास्त्र | 11764 | 3612 | 17 | 0 | 2125 | 5005 | 0 | 2882 | 9534 | 20747 | 1820 | 933 | 1578 | 0 | 60017 | 1920560 | 35695730 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 4733 | 0 | 43 | 0 | 0 | 5005 | 0 | 2882 | 9534 | 20747 | 1820 | 933 | 19 | 0 | 45716 | 1462911 | 37158640 |

संकेत : 1. अध्यापक 2. और अध्यापक 3. सहायक सामग्री 4. गैर अध्यापक स्टाफ 5. संकाय कार्यालय 6. सामान्य अकादामिक कार्यकलाप 7. विशेष वैज्ञानिक सेवाएं 8. छात्र कल्याण 9. सामान्य प्रशासन 10. आम सेवाएं 11. परीक्षा 12. परीसर विकास 13. पत्र-पत्रिकाएं आदि 14. अन्य 15. योग 16. विभागीय लागत 17. महायोग

## तालिका 12 (स)

## वार्षिक इकाई लागत (रु प्रतिछात्र) में विभिन्न आगतों के भाग (परास्नातक) : वर्ष 1993-94

| विभाग | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अकादमिक लागत | | | | | | छात्र कल्याण | | प्रशासन और सामान्य सेवा | | | | | कुल लागत | विभागीय | महायोग |
| मानव शास्त्र | 7785 | 3468 | 305 | 0 | 356 | 6013 | 0 | 3312 | 11581 | 26916 | 3034 | 1148 | 2255 | 0 | 66174 | 2249900 | 2249900 |
| अर्थशास्त्र | 7804 | 1019 | 27 | 0 | 157 | 2655 | 0 | 1463 | 5114 | 11885 | 1340 | 507 | 276 | 0 | 32247 | 2483011 | 4732911 |
| दर्शनशास्त्र | 1145 | 1037 | 0 | 0 | 173 | 2921 | 0 | 1609 | 5625 | 13073 | 1473 | 558 | 301 | 0 | 27915 | 1954059 | 6686970 |
| राजनीति विज्ञान | 5904 | 947 | 16 | 0 | 164 | 2763 | 0 | 1522 | 5321 | 12367 | 1394 | 528 | 264 | 0 | 32187 | 2381969 | 9068939 |
| इतिहास | 6216 | 735 | 10 | 0 | 136 | 2297 | 0 | 1265 | 4424 | 10282 | 1159 | 439 | 170 | 0 | 27135 | 2414987 | 11483930 |
| समाजशास्त्र | 6374 | 1206 | 14 | 0 | 202 | 3407 | 0 | 1877 | 6563 | 15252 | 1719 | 651 | 413 | 0 | 37679 | 2260743 | 13744670 |
| गणित | 20943 | 7149 | 2130 | 0 | 1406 | 8178 | 0 | 4505 | 15750 | 36606 | 4126 | 1562 | 7543 | 0 | 109899 | 2747475 | 16492140 |
| भौतिकी | 20023 | 12819 | 4989 | 0 | 1177 | 6815 | 4801 | 3754 | 13125 | 30505 | 3438 | 1302 | 12029 | 3610 | 118331 | 3549927 | 20042070 |
| रसायन | 21219 | 12813 | 10263 | 0 | 858 | 4986 | 3513 | 2747 | 9604 | 22321 | 2516 | 962 | 11438 | 2641 | 105870 | 4340683 | 24382750 |
| अंग्रेजी | 6035 | 891 | 3 | 0 | 217 | 2588 | 0 | 1426 | 4984 | 11584 | 1306 | 494 | 230 | 0 | 29758 | 2350886 | 26733640 |
| खासी | 5980 | 1952 | 13 | 0 | 357 | 4259 | 0 | 2346 | 8203 | 19065 | 2149 | 814 | 832 | 0 | 45969 | 2206535 | 28940170 |
| जतुविज्ञान | 13164 | 11294 | 6399 | 0 | 159 | 5111 | 3601 | 2815 | 9844 | 22879 | 2579 | 976 | 8989 | 2708 | 90517 | 3620695 | 32560870 |
| वनस्पतिविज्ञान | 16927 | 18096 | 7188 | 0 | 167 | 5380 | 3290 | 2964 | 10362 | 24083 | 2714 | 1028 | 13521 | 2850 | 109069 | 4144625 | 36705490 |
| जैव–रसायन | 13688 | 18738 | 22139 | 0 | 352 | 11358 | 8001 | 6257 | 21875 | 50841 | 5730 | 2169 | 46150 | 6017 | 213316 | 3839691 | 40545190 |
| भूगोल | 9377 | 6625 | 2239 | 0 | 976 | 3717 | 0 | 2048 | 7159 | 16639 | 1875 | 710 | 3275 | 0 | 54641 | 3005267 | 43550450 |
| शिक्षाशास्त्र | 12629 | 3425 | 29 | 0 | 1922 | 5242 | 0 | 2888 | 10096 | 23465 | 2645 | 1001 | 1800 | 0 | 65142 | 2540557 | 46091010 |
| पुस्तकालय विज्ञान | 5968 | 0 | 583 | 0 | 0 | 6815 | 0 | 3754 | 13125 | 30505 | 3438 | 1302 | 395 | 0 | 65885 | 1976539 | 48067550 |

संकेत : 1. अध्यापक 2. और अध्यापक 3. सहायक सामग्री 4. गैर अध्यापक स्टाफ 5. संकाय कार्यालय
6. सामान्य अकादामिक कार्यकलाप 7. विशेष वैज्ञानिक सेवाएं 8. छात्र कल्याण 9. सामान्य प्रशासन
10. आम सेवाएं 11. परीक्षा 12. परीसर विकास 13. पत्र-पत्रिकाएं आदि 14. अन्य
15. योग 16. विभागीय लागत 17. महायोग

तालिका 12 (द)

